दिन–मंगलवार   दिनांक– 16/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।   अवधिः– 05 मिनट

विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दरभंगा जिले के बिरौल थाना क्षेत्र के सुपौल स्थित उनके आवास से शव बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ रेड्डी जला रेड्डी ने हत्या की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि एफएसएल की टीम ने मौके वारदात से साक्ष्य इकट्ठा किये हैं। श्री रेड्डी ने कहा कि हत्याकांड के कारणों का पता लगाने के लिए सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। इधर, एडीजी पुलिस मुख्यालय जितेन्द्र गंगवार ने कहा कि पूरे मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी का नेतृत्व दरभंगा ग्रामीण के एसपी और बिरौल के एसडीपीओ को दिया गया है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री गंगवार ने कहा कि इस संबंध में सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

——————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीतन सहनी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री कुमार ने कहा कि जीतन सहनी की हत्या अत्यंत दुखद घटना है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ने वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी से फोन पर बात कर उन्हें सांत्वना दी।

——————————————————————

जीतन सहनी की हत्या को लेकर मुख्य विपक्षी दल राजद ने राज्य सरकार पर सवाल खड़े किये हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति अत्यंत खराब है और लोग अपराधियों के खौफ में जी रहे हैं। उन्होंने हत्याकांड की त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

——————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय– ईडी की टीम आय से अधिक सम्पति मामले में राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व विधायक गुलाब यादव के पटना, पुणे और मधुबनी स्थित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार ईडी के अधिकारी आज सुबह

मधुबनी के झंझारपुर में गुलाब यादव के पैतृक निवास पर पहुंचे। टीम विभिन्न जगहों पर तलाशी ले रही है। गुलाब यादव ने दो हजार पन्द्रह में झंझारपुर विधानसभा सीट से चुनाव जीता था। इस साल वे बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़े। लेकिन हार गये। इधर, आईएएस अधिकारी और ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस के पटना और अन्य ठिकानों पर भी ईडी की टीम ने छापेमारी की है। छापेमारी की कार्रवाई अभी जारी है।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन उन्नीस जुलाई से बाईस जुलाई तक करेगा। आयोग के अध्यक्ष रवि मनुभाई परमार ने पटना में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सत्ताईस जिलों में चार सौ चार केन्द्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा में छह लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। गौरतलब है कि यह परीक्षा अनियमितता की शिकायत की पुष्टि के बाद रद्द कर दी गयी थी।

———————————————————————————

नीट यूजी परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण अभिकरण, सीबीआई ने कल रात हज़ारीबाग के एक गेस्ट हाउस से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही हज़ारीबाग़ से अब तक पांच लोगों की गिरफ़्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार व्यक्ति के कब्जे से महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गये हैं।

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की सक्रियता कमजोर पड़ गयी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में प्रदेश के उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों को छोड़कर अधिकांश भाग में मौसम शुष्क रहा है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक राज्य के दक्षिण–पूर्व, उत्तर–पूर्व, उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। विभाग ने इन भागों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।